AMAR UJALA MY CITY PAGE 1, 5 & 6

पढ़ाई के साथ खेलों में भी बादशाहत कायम

आज राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष

क्रिकेट के मैदान से शतरंज की चालों तक में युवा दिखा रहे अपना हुनर, पढ़ाई करने के साथ कई युवा खेल चुके हैं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं

लखनऊ। एक जमाना था जब लोग कहते थे, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब और खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब..., लेकिन विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत कुछ होनहारों ने इस कहावत को खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नवाब... में बदल दिया है। अब युवा न सिर्फ पढ़ाई बल्कि खेलों में भी अपनी बादशाहत कायम करने में जुटे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के भी कई विद्यार्थी ऐसे हैं जो पढ़ाई और खेल दोनों में नाम रोशन कर रहे हैं। कुछ विद्यार्थी तो राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना चुके हैं। आज राष्ट्रीय युवा दिवस पर विश्वविद्यालयों के कुछ ऐसे ही होनहारों से मुलाकात करा रहे हैं सचिन त्रिपाठी...।

इंजीनियरिंग के साथ ही टेनिस में माहिर

एमिटी विवि से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले श्रेयांश लॉन टेनिस के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। इसके लिए उन्हें वर्ष 2020 में लक्ष्मण पुरस्कार भी मिल चुका है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने वाले श्रेयांश टेनिस में ही अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए अपनी पढ़ाई को दांव पर नहीं लगाना चाहते हैं। इसलिए वह दोनों पर बराबर ध्यान दे रहे हैं।

खेल के साथ सांस्कृतिकी में भी अव्वल आयुष

लखनऊ विवि से एमएससी फिजिक्स के विद्यार्थी आयुष शुक्ला क्रिकेट के साथ ही पढ़ाई में भी अव्वल हैं। बीएससी में उन्हें 63 और एमएससी में 64 फीसदी नंबर मिले हैं। इसके साथ ही लखनऊ विवि सांस्कृतिकी के समन्वयक भी नियुक्त किए गए हैं। आईआईटी मद्रास की ओर से उन्हें लखनऊ में सारंग अम्बेसडर भी बनाया गया है।

प्रतिद्वंद्वी को शतरंज की चाल में उलझा देते हैं शिवांग

लखनऊ विश्वविद्यालय में एमएससी फिजिक्स के विद्यार्थी शिवांग शर्मा जितने तेज पढ़ाई में हैं उससे कहीं ज्यादा शतरंज की चाल चलने में माहिर हैं। शतरंज के मास्टर हैं। इंटर यूनिवर्सिटी स्तर पर वह विवि का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साथ ही पढ़ाई में भी वह आगे रहते हैं। प्रथम श्रेणी से बीएससी करने के बाद अब पीजी भी अच्छे नंबर से पास होना चाहते हैं। शिवांग शिक्षण के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं। साथ ही शतरंज के खेल को भी जारी रखना चाहते हैं।

श्रेया बनीं विवि की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी की पढ़ाई करने वाली श्रेया कुमार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई हैं। इसके लिए उन्हें पेरी मेडल दिया जाएगा। श्रेया को इससे पहले रानी लक्ष्मी बाई मेडल भी मिल चुका है। लॉन टेनिस और सॉफ्ट टेनिस की खिलाड़ी श्रेया विवि से बीएससी की पढ़ाई कर रही हैं। लखनऊ की ओर से वह कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं।

विज्ञान की पढ़ाई के साथ ही क्रिकेट के मैदान में बिखेर रहे जलवा

लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी के छात्र अभिषेक शुक्ला क्रिकेट में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, पर पढ़ाई को भी नजरअंदाज नहीं कर रहे। 8.1 प्रतिशत नंबर के साथ 12वीं की परीक्षा पास करने वाले अभिषेक बीएससी प्रथम वर्ष में भी 60 फीसदी नंबर हासिल कर चुके हैं। अभिषेक के अनुसार उसके लिए पढ़ाई और खेल दोनों बराबर हैं इसलिए वह दोनों पर ध्यान देते हैं।

NBT PAGE 4

लविवि को फिर मिली बीएड प्रवेश परीक्षा की जिम्मेदारी

■ एनबीटी, लखनऊ : शासन ने इस साल भी बीएड प्रवेश परीक्षा कराने का जिम्मा लखनऊ विश्वविद्यालय को सौंपा है। लविवि प्रशासन के अनुसार संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021 आयोजित करवाने के निर्देश मिले हैं। जानकारों के अनुसार गत वर्ष लविवि द्वारा करवाई गई प्रवेश प्रक्रिया में केवल 60,792 सीटें खाली बची थीं। जबकि वर्ष 2019 में खाली सीटों की संख्या करीब 1 लाख और 2018 में 80 हजार थी। माना जा रहा है कि अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए ही दोबारा जिम्मा सौंपा गया है।

जल्द शुरू होगी मैनेजमेंट कंसल्टेंसी क्लीनिक : एलयू मैनेजमेंट कंसल्टेंसी क्लीनिक 'परामर्श' योजना शुरू करने जा रहा है। योजना के तहत पंजीकरण अगले सप्ताह से शुरू हो जाएंगे। एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पढ़ाई के साथ ही प्रैक्टिकल जानकारी के लिए योजना शुरू की जा रही है। इसमें निजी, एनजीओ और सरकारी तीनों को सेवाएं दी जाएंगी। योजना का लाभ लेने के लिए संस्थानों 500 रुपये देकर पंजीकरण करवाना होगा।

28 से होंगी सेमेस्टर परीक्षाएं

■ एनबीटी, लखनऊ : लविवि में शुक्रवार से बैक पेपर व इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इनके खत्म होते ही सेमेस्टर परीक्षाएं करवाने की तैयारी है। योजना के अनुसार 28 जनवरी से सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। 28 जनवरी से होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विवि के प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक तीसरे, पांचवे, सातवें सेमेस्टर के स्टूडेंट्स की परीक्षाएं एमसीक्यू प्रणाली से होंगी। ऐसे में परीक्षाएं खत्म होने के 15 दिन में परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। बीएससी केमिस्ट्री तीसरे सेमेस्टर के प्रैक्टिकल एग्जाम बुधवार से शुरू होंगे। प्रैक्टिकल 19 जनवरी चलेंगे।

गर्भ संस्कार पाठ्यक्रम की कक्षाएं शुरू

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू में सोमवार से स्टडी ऑफ विमिन स्टडीज के अंतर्गत संचालित पीजी डिप्लोगा इन गर्भ संस्कार पाठ्यक्रम की शुरूआत हो गई है। पहले दिन समन्वयक डॉ. अर्चना शुक्ला ने बताया कि पहले दिन क्वीन मेरी की डॉ. अमिता पांडेय और आध्यात्मिक काउंसलर डॉ. शिवानी मिश्रा ने गर्भ संस्कार कोर्स का महत्व बताया।

PIONEER PAGE 3

एलयू में शुरू हुआ पीजी डिप्लोमा इन गर्भ-संस्कार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान में सोमवार को पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार की औपचारिक शुरूआत की गई। यह कोर्स राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कि पहल और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के सहयोग एवं प्रोत्साहन से संस्थान में गर्भ.संस्कार का कोर्स आरम्भ किया गया है। महिला अध्ययन संस्थान की कोर्डिनेटर डा अर्चना शुक्ला के अनुसार इसकी प्रथम कक्षा का संचालन आज किया गया। इसमें क्वीन मैरी की डा अमिता पाण्डेय एवं अध्यात्मिक काउन्सलर डा शिवानी मिश्रा ने गर्भ संस्कार कोर्स की महत्वता एवं इसकी समाज में आवश्यकता पर व्याख्यान दिया।

THE PIONEER PAGE 3

LU starts PG Diploma in Garbh Sanskar

PNS ■ LUCKNOW

The Institute of Women Studies, Lucknow University, formally started PG Diploma in Garbh Sanskar on Monday. The course was started due to the initiative and constant encouragement of Governor Anandiben Patel and Vice-Chancellor Prof AK Rai.

Coordinator of the institute Dr Archana Shukla said that the first class was started on Monday. The course is all about creating a proper ambience for women undergoing pregnancy. In the first class, Dr Amita Pandey of Queen Mary's, KGMU, and spiritual counsellor Dr Shivani Mishra gave a lecture on the importance and necessity of 'garbh sanskar' in the present social context. Students of different backgrounds from graduation and post-graduation have joined this course. Research scholars, housewives, IVF Centre coordinator and retired health care professionals also joined the session. "Students had shown a lot of excitement to join the course although necessary arrangements delayed the start due to Covid curbs," she said. The course comprises five theoretical papers and an internship. It is a one-year course scheduled in two semesters.

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

लविवि में गर्भ संस्कार पर डिप्लोमा कोर्स शुरू

लखनऊ। महिला अध्ययन संस्थान लखनऊ विश्वविद्यालय मे पीजी डिप्लोमा इन गर्भ-संस्कार की शुरूआत की गई। विवि की कुलाधिपति व प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पहल और कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के सहयोग से संस्थान में गर्भ-संस्कार का कोर्स आरम्भ किया गया। महिला अध्ययन संस्थान के अनुसार इसकी प्रथम कक्षा का संचालन सोमवार को किया गया। इसमें क्वीन मैरी, केजीएमयू की डा. अमिता पाण्डेय एवं डा. शिवानी मिश्रा ने गर्भ संस्कार कोर्स की महत्ता पर व्याख्यान दिया। इस कोर्स मे कुल पांच थेरोटिकल पेपर व एक इर्टनशिप होगी। यह दो सेमेस्टर/ एक वर्ष का कोर्स है। किसी भी विश्वविद्यालय में यह एक अनोखा एवं नवीन कोर्स है।

लविवि ने शुरू किया गर्भ संस्कार पाठ्यक्रम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को महिला अध्ययन संस्थान में पीजी डिप्लोगा इन गर्भ संस्कार के पाठ्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। विवि में पहली बार शुरू हुए इस पाठ्यक्रम में स्नातक, परास्नातक, शोध छात्र-छात्राओं के साथ ही गृहिणियां, आईवीएफ सेंटर संचालक तथा रिटायर्ड स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भाग ले रहे हैं।

लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह कोर्स राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के सहयोग एवं प्रोत्साहन से शुरू हुआ है। महिला अध्ययन संस्थान की को-ऑर्डिनेटर डॉ. अर्चना शुक्ला के अनुसार इसकी प्रथम कक्षा का संचालन सोमवार को किया गया। इसमें क्वीन मैरी, केजीएमयू लखनऊ की डॉ. अमिता पांडेय एवं आध्यात्मिक काउंसलर डॉ. शिवानी मिश्रा ने गर्भ संस्कार कोर्स की महत्ता एवं इसकी समाज में आवश्यकता पर व्याख्यान दिया। कोर्स में कुल 5 थ्योरोटिकल पेपर, 1 इर्टनशिप होगी। यह दो सेमेस्टर/ एक वर्ष का कोर्स है।

जल्द कंसल्टेंसी सेवा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय अगले सप्ताह से मैनेजमेंट कंसल्टेंसी क्लीनिक की शुरुआत करने जा रहा है। इसमें विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की टीम और छात्र मिलकर समाधान देगी। इसके लिए 500 रुपये शुल्क के साथ पंजीकरण कराया जा सकेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इंजीनियरिंग, प्रबंधन, विधि, रसायन विज्ञान जैसे सभी विभाग के विद्यार्थी इससे जुड़ सकेंगे। निजी, सरकारी और एनजीओ कोई भी संस्था इसमें पंजीकरण करा सकता है। उसके आधार पर सलाह दी जाएगी। इसके बाद अगर संस्थान कहते हैं तो उनके लिए अलग से उनकी समस्या पर स्टडी भी कराई जाएगी। कंसल्टेंसी की फीस 500 रुपये निर्धारित की गई है।

लविवि कराएगा बीएड प्रवेश परीक्षा-2021

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय को फिर संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2021 कराने की जिम्मेदारी दी गई है। सातवीं बार लविवि इसका आयोजन करेगा। उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव मनोज कुमार ने आदेश जारी कर दिया। विवि ने तैयारी शुरू कर दी है। इससे प्रदेश के 2900 कॉलेजों की दो लाख 40 हजार सीटों पर दाखिला लिया जाता है।

आउटसाइडर चेकिंग अभियान

एलयू में पकड़े गए 30 बाहरी

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू परिसर में सुरक्षा को लेकर काफी सतर्कता बरती जा रही है। परिसर में सोमवार को आउटसाइडर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई बाहरी लड़के-लड़कियां परिसर में घूमती पाई गईं। इतना ही नहीं कई जगह कुछ युवक-युवतियां अश्लील हरकतें हुए भी पकड़े गए। प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान से बाहरी लोगों में काफी दहशत रही।

प्रॉक्टर ने बताया कि अभियान सुबह 11 बजे गेट संख्या 4 से शुरू किया गया। इस दौरान तीन बाहरी लड़कियां पकड़ी गईं। तीनों को चेतावनी देने के साथ ही दोबारा परिसर में न आने की बात लिखित रूप से ली गई। पूरे अभियान के दौरान करीब 30 से अधिक आउटसाइडर को परिसर में घूमते दबोचा गया। इनमें ज्यादातर लड़के रहे। सबको सख्त चेतावनी दी गई। कई लड़के ऐसे भी मिले जो एलयू में पढ़ने वाले दोस्त के साथ आए थे। प्रॉक्टर के अनुसार दोबारा पकड़े जाने पर सख्त चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही निष्कासित विद्यार्थियों को सख्त हिदायत दी गई है। परिसर में बिना अनुमति आने पर रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएगी।

कैंटीन में खाना छोड़ भागे : चेकिंग दस्ता अभियान के दौरान साइंस फैकल्टी के पास स्थित कैंटीन में पहुंचा। कैंटीन में चार बाहरी युवाओं को पकड़ा गया। टीम को देखते ही कई लड़के चाय-समोसा छोड़कर भाग निकले।

पूरे कैंपस में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे: एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पूरे कैंपस को सीसीटीवी कैमरों से लैस करवाया जा रहा है। अब तक 50 से अधिक कैमरे लगवाए भी जा चुके हैं। जल्द ही और कैमरे लगवाए जाएंगे।

छात्रवृत्ति फॉर्म जमा करने के दौरान भिड़ंत : एलयू में सोमवार को छात्रवृत्ति फॉर्म जमा करने के दौरान लाइन में लगे छात्रों में कहासुनी हो गई। हंगामे की सूचना पर प्रशासन ने सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए हैं। गौरतलब है कि फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख 15 जनवरी है।

JAGRAN CITY PAGE III

लविवि : गर्भ संस्कार कोर्स शुरू

जासं, लखनऊ : लखनऊ विवि में सोमवार को महिला अध्ययन संस्थान में पीजी डिप्लोमा इन गर्भ-संस्कार की औपचारिक शुरूआत की गई। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह कोर्स राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कि पहल और कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के सहयोग एवं प्रोत्साहन से शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि क्वीन मेरी, केजीएमयू की डॉ. अमिता पांडेय एवं अध्यात्मिक काउंसलर, डॉ. शिवानी मिश्रा ने गर्भ संस्कार कोर्स की महत्ता एवं आवश्यकता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि इस कोर्स में कुल पांच थेरोटिकल पेपर, एक इटर्नशिप होगी।

HINDUSTAN PAGE 1 & 7

सरकारी से लेकर निजी संस्थानों तक को देंगे प्रबंधन से जुड़ी सेवाएं, अगले सप्ताह से होंगे पंजीकरण

संस्थाओं को मिलेगा एलयू का परामर्श

कंसल्टेंसी क्लीनिक

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय अब न केवल छात्रों को किताबी ज्ञान देगा बल्कि निजी और सरकारी क्षेत्र की संस्थाओं को स्थापित करने से लेकर उसके संचालन तक का प्रबंधन करेगा। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ और छात्र मिलकर नए उद्यमों की मार्केटिंग, ब्रांडिंग से लेकर स्थापित करने तक आवश्यक अध्ययन की रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से लखनऊ यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट कंसल्टेंसी क्लीनिक 'परामर्श' की शुरुआत की गई है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अगले सप्ताह से इसकी आधिकारिक शुरुआत की जा रही है। यह लखनऊ विश्वविद्यालय का मैनेजमेंट कंसल्टेंसी सेंटर होगा। यहां निजी, सरकारी और एनजीओ तीनों को सेवाएं मिलेंगी।

ऐसे काम करेगा ये सेंटर : कुलपति ने बताया कि लखनऊ यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट कंसल्टेंसी क्लीनिक के नाम से इसकी शुरुआत की जा रही है। जैसे अस्पताल में डॉक्टर को

दिखाने से पहले एक पर्ची कटवानी होती है, उसी तरह एक निर्धारित शुल्क पर संस्था को पंजीकरण कराना होगा। उसके आधार पर निजी उद्यम को सलाह दी जाएगी। इसके बाद अगर संस्थान कहते हैं तो उनके लिए विशेष अध्ययन से लेकर रणनीति तक अलग से तैयार की जाएगी।

यहां संस्थान की आवश्यकता के हिसाब से विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की टीम और छात्र मिलकर हल निकालेंगे। कुलपति ने बताया कि इंजीनियरिंग, प्रबंधन, विधि, रसायन विज्ञान जैसे सभी विभाग के छात्रों को काम करने का अवसर मिलेगा। कुलपति ने बताया कि अगले सप्ताह इसकी आधिकारिक शुरुआत की जाएगी। पहले दिन कुछ संस्थान पंजीकरण भी कराने जा रहे हैं। 500 रुपये शुल्क के साथ पंजीकरण होगा।

ये सेवाएं देगा विश्वविद्यालय

- परियोजनाओं की व्यवहार्यता विश्लेषण
- परियोजना का डिजाइन, योजना, कार्यान्वयन, लेखा परीक्षा, नियंत्रण
- व्यवसाय प्रक्रिया पुनर्रचना
- वित्तीय पूर्वानुमान और पुनर्गठन
- ब्रांड निर्माण के लिए समाधान
- विपणन अनुसंधान
- विपणन योजना की समीक्षा
- ग्राहक संबंध प्रबंधन
- आपूर्ति श्रृंखला मॉडल को डिजाइन और कार्यान्वित करना
- ई-शासन
- मानव संसाधन नियोजन और जनशक्ति का प्रशिक्षण व विकास
- जनशक्ति का मनोवैज्ञानिक प्रबंधन
- एप डिजाइन, कार्यान्वयन और मूल्यांकन प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली, मौजूदा कार्यक्रमों, योजनाओं, प्रक्रिया का मूल्यांकन
- रणनीतिक पुनर्गठन
- कानूनी सलाह

गर्भ संस्कार की कक्षाओं की भी शुरुआत

लखनऊ विश्वविद्यालय में इंस्टिट्यूट ऑफ वुमेन स्टडीज में सोमवार को पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार पाठ्यक्रम की कक्षाओं की शुरुआत की गई। पाठ्यक्रम की शुरुआत के पहले दिन क्वीन मैरी केजीएमयू की डॉ. अमिता पांडेय और अध्यात्मिक काउंसलर डॉ. शिवानी मिश्रा ने गर्भ संस्कार कोर्स के महत्व और समाज में इसकी आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। समन्वयक प्रो. अर्चना शुक्ला ने बताया कि इस कोर्स में यूजी, पीजी, शोधार्थी, महिलाएं, आईवीएफ सेंटर संचालक, रिटायर्ड स्वास्थ्य विभाग कर्मी शामिल हैं। कोर्स में कुल 5 थ्योरेटिकल पेपर और एक इर्टनशिप होगी। यह पाठ्यक्रम दो सेमेस्टर यानी एक वर्ष का है।

28 जनवरी से विषम सेमेस्टर परीक्षाएं होंगी

लविवि में विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 28 जनवरी से प्रस्तावित है। परीक्षाओं के करीब 1 महीने तक चलने की संभावना है। नतीजे मार्च में जारी होंगे। परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित होंगी। परीक्षाओं के लिए 18 जनवरी तक परीक्षा फॉर्म भरे जा सकते हैं। बैक पेपर और इंप्रूवमेंट परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो रही हैं। एलयू समेत दो महाविद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया है। इनमें श्री जय नारायण पीजी कॉलेज और कालीचरण डिग्री कॉलेज शामिल हैं।

बीएससी तृतीय सेमेस्टर का कार्यक्रम जारी : बीएससी तृतीय सेमेस्टर, रसायन विज्ञान विभाग की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 13 जनवरी से शुरू होंगी। सोमवार को कार्यक्रम जारी किया गया।

विवि में बाहरी लोग घूमते मिले, छात्रवृत्ति काउंटर पर तनातनी

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। परिसर में बाहरी लड़के लड़कियां घूमते हुए मिले। प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि मौके पर ही तीन बाहरी लड़कियां मिलीं। उनसे एक एप्लीकेशन लिखवाई गई जिसमें उन्होंने दोबारा कभी परिसर में न घूमने की बात कही। पूरे अभियान के दौरान 30 से ज्यादा भारी छात्र-छात्राओं को पकड़ा गया। इनसे लिखित प्रार्थना पत्र लेने के बाद हिदायत देकर छोड़ा गया। प्रॉक्टर का कहना है कि आगे से अगर कोई पकड़ा जाता है तो उस पर दण्डनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निष्कासित छात्र के पकड़े जाने पर एफआईआर होगी। वहीं लविवि के छात्रवृत्ति काउंटर पर सोमवार को फॉर्म जमा करने को लेकर तनातनी हो गई। एलयू प्रशासन ने इस मामले में दो पीआरडी जवानों की ड्यूटी लगा दी।

लविवि 2021 की बीएड प्रवेश परीक्षा कराएगा

लखनऊ। राजधानी समेत प्रदेश के बीएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021 का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय करेगा। शासन की ओर से सोमवार को इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

लविवि को हाईटेक बनाने की तैयारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सौ साल पूरे कर चुका लखनऊ विश्वविद्यालय अब पहले से और भी ज्यादा हाइटेक होगा। विश्वविद्यालय में चकाचौंध के साथ सुरक्षा व्यवस्था पहले से बेहतर करने की तैयार हो चुकी है। विवि में चप्पे-चप्पे पर सीसी टीवी कैमरे से निगरानी की जायेगी। वहीं सुरक्षा कर्मियों की भी संख्या बढ़ा दी गयी है। विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था आने वाले दिनों में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की तर्ज पर हो जायेगी।

विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय का बतौर कुलपति एक साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। ऐसे में सभी विभागों को दुरूस्त करने के साथ-साथ कुलपति की ओर से 2021 में कई बदलावों को लेकर तैयारियां चल रही हैं। इन्हीं तैयारियों के बीच विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था भी दुरूस्त करना पहली प्राथमिकता है। बता दें कि राजधानी के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सीधे प्रवेश करना आसान नहीं है। कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक के दूसरे कार्यकाल में सिक्योरिटी सिस्टम काफी बदल गया है। गेट पर प्रवेश से पहले गार्डों के पास पूरा विवरण दर्ज कराना होता है, इस दौरान आईडी प्रूफ भी देना होता है, फिर एक पर्ची बनायी जाती है, इसके बाद भी विश्वविद्यालय के मुख्य भवन में प्रवेश करने से पहले सुरक्षा में लगे जवान पूरी जांच पड़ताल करते हैं, उसके बाद ही प्रवेश दिया जाता है।

- सीसीटीवी कैमरे व अन्य उपकरणों से होगा लैस

इस बाबत लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विश्वविद्यालय में सुधार को लेकर हर संभव प्रयास जारी है, 2021 के लिए भी कई लक्ष्य रखे गये हैं, जिन्हे पूरा करना है, इसी बीच सुरक्षा व्यवस्था भी हमारी पहली प्राथमिकता है।

लविवि में लगाये जा रहे कैमरे : लखनऊ विश्वविद्यालय में सीसी टीवी कैमरे लगाये जाने का काम जारी है। इस बारे में विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे विश्वविद्यालय में कैंपस में जहां-जहां भी कैमरे लगाये जाने हैं। उन स्थानों को चिन्हित किया गया है, काफी संख्या में कैमरे लगाये भी जा चुके हैं, उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में बाहरी व्यक्ति कोई प्रवेश करता है तो उस संबंध में भी जानकारी रखना आसान होगा। साथ ही सुरक्षा में भी लापरवाही नहीं होगी। हालांकि विश्वविद्यालय में कैमरे लगाये जाने की योजना काफी पहले भी तैयार हुई थी, लेकिन इस योजना को प्रगति कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के आने बाद शुरू हुई।

पीआरडी जवानों को लगाया गया सुरक्षा में : विश्वविद्यालय में पहली बार पीआरडी जवानों को सुरक्षा के लिए लगाया गया है, इससे पहले विश्वविद्यालय के जवानों के हवाले सुरक्षा व्यवस्था थी। अब वर्तमान में पीआरडी जवानों की संख्या 80 है जबकि विश्वविद्यालय के 32 जवान हैं। कुल 112 जवान सभी गेटों पर मुस्तैद कर दिए गये हैं, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में बाहरी व्यक्ति को एक प्रक्रिया के तहत ही अंदर प्रवेश मिल सकेगा।

VISHWAVARTA PAGE 4

लविवि को फिर मिली संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एक बार फिर संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। शासन ने विश्वविद्यालय को शैक्षिक सत्र-2021-22 में बीएड कोर्सों में दाखिले के लिए संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2021 आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। शासन ने परीक्षा कराने का शासनादेश जारी कर दिया है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गो श्रीवास्तव ने भी इसकी पुष्टि की है।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने वर्तमान शैक्षिक सत्र की संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड- 2020 आयोजित की है। अभी हाल ही में दाखिले के लिए चल रही काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी हुई है। इसके बाद एक बार फिर से शासन ने लखनऊ विश्वविद्यालय को अगली संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-21 आयोजित करने का आदेश जारी कर दिया है। बीएड 2020 प्रवेश प्रक्रिया में कुल 60,792 सीटें खाली रहीं थीं। जबकि साल 2019 में तकरीबन एक लाख से अधिक सीटें खाली रह गईं थी। वर्ष 2018 में लगभग 80 हजार सीटें खाली रही थी। आशंका जताई जा रही है कि लविवि द्वारा प्रवेश परीक्षा बिना किसी विवाद के आयोजित किए जाने से यह फैसला लिया गया है।

13 जनवरी से प्रैक्टिकल परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय में 13 जनवरी से बीएससी कैमेस्ट्री के तीसरे सेमेस्टर के स्टूडेंट्स की प्रैक्टिकल परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं।

यह जानकारी विभागाध्यक्ष ने सोमवार को दी।जारी परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक, ये परीक्षाएं 13 जनवरी से शुरू होकर 19 जनवरी तक चलेंगी। परीक्षा कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी स्टूडेंट्स विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

राज्यपाल की पहल पर शुरू हुआ गर्भ संस्कार कोर्स

लखनऊ। महिला अध्ययन संस्थान लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार की पढ़ाई शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय में गर्भ संस्कार का कोर्स कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पहल और कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के सहयोग से प्रारम्भ हुआ है। पहली बार विश्वविद्यालय में शुरू किए गर्भ संस्कार कोर्स में विद्यार्थियों का जबरदस्त रुझान देखने को मिल रहा है।

महिला अध्ययन संस्थान की कोऑर्डिनेटर डॉ. अर्चना शुक्ला ने बताया कि गर्भ संस्कार की पहली क्लास की शुरूआत सोमवार से की जा रही है। इसमें क्वीन मैरी, केजीएमयू लखनऊ की डॉ.अमिता पांडेय और अध्यात्मिक काउंसलर डॉ. शिवानी मिश्रा ने गर्भ संस्कार कोर्स के महत्व और समाज में इसकी आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कोर्स में अलग-अलग विद्यार्थी है, जिनमें कुछ स्नातक, परास्नातक, शोध छात्र-छात्राएं, महिलाएं, आईवीएफ सेंटर संचालक, रिटायर्ड स्वास्थ्य विभाग कर्मी शामिल हैं। हालांकि कोविड-19 के चलते सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करके क्लास शुरू होने पर विद्यार्थियों में काफी उत्साह रहा। इस मौके पर महिला अध्ययन संस्थान की कोर्डिनेटर डॉ. अर्चना शुक्ला भी मौजूद रहीं।

दो सेमेस्टर का कोर्स

इस कोर्स में कुल 5 थ्योरेटिकल पेपर,एक इर्टनशिप होगी। यह दो सेमेस्टर यानि एक वर्ष का कोर्स है। किसी भी विश्वविद्यालय में यह एक अनोखा एवं नवीन कोर्स है।

केमेस्ट्री प्रैक्टिकल की परीक्षा 13 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कैमेस्ट्री विभाग के अध्यक्ष प्रो. अरूण सेठी ने बताया कि कैमेस्ट्री के तहत बीएससी तीसरे सेमेस्टर के प्रयोगात्मक परीक्षा 13 जनवरी से शुरू हो रही है। यह परीक्षा सुबह नौ बजे से आयोजित होगी और विभिन्न सेक्शन के तहत 19 जनवरी तक आयोजित होगी।

लज्जा फिल्म पर किया लविवि ने शो

लखनऊ। लविवि के दर्शनशास्त्र विभाग में मिशन शक्ति से संबंधित कई कार्यक्रमों का आयोजन सोमवार को किया गया। इसमे 'लज्जा' फिल्म के एक शो, एक प्रश्नोत्तरी, व्याख्यान की एक श्रृंखला और एक नुक्कड़ नाटक को छात्रों द्वारा दर्शन विभाग में मिशन शक्ति के भाग के रूप में प्रस्तुत किया गया था। छात्रों ने दुर्गा की आंखों को माथे पर त्रिशूल से चित्रित किया और दर्शन विभाग के सामने पेड़ को सजाया। महिलाओं के सम्मान और रक्षा से संबंधित एक शपथ भी लिया गया।

लविवि में गर्भ संस्कार कोर्स शुरू, हुआ व्याख्यान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान में सोमवार को पीजी डिप्लोगा इन गर्भ-संस्कार की औपचारिक शुरूआत की गयी। यह कोर्स राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल की पहल और लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के सहयोग एवं प्रोत्साहन से संस्थान ने शुरू किया है। महिला अध्ययन संस्थान की कोर्डिनेटर, डा. अर्चना शुक्ला के अनुसार इसकी प्रथम कक्षा का संचालन सोमवार से शुरू किया गया। इसमें क्वीन मैरी, केजीएमयू लखनऊ की डा. अमिता पांडेय और अध्यात्मिक काउन्सलर, डा. शिवानी मिश्रा ने गर्भ संस्कार कोर्स की महत्ता और इसकी समाज में आ